Google for Education



# Google for Education के टूल के बारे में जानें


इन संसाधनों की मदद से, अपने छात्र या छात्रा की क्लास में या पढ़ाई के लिए घर पर इस्तेमाल होने वाली टेक्नोलॉजी को बेहतर तरीके से समझें. साथ ही, उसकी पढ़ाई से जुड़े रहने के सबसे सही तरीकों के बारे में भी जानें.



## स्कूल में सीखने से जुड़े संसाधन

### क्लास में इस्तेमाल की जाने वाली टेक्नोलॉजी को समझें

- Google for Education की वीडियो सीरीज़ और Google Terms Glossary की मदद से, अपने छात्र या छात्रा की क्लास में इस्तेमाल होने वाले टूल के बारे में ज़्यादा जानें. ये संसाधन, आपको Google की लोकप्रिय सुविधाओं के बारे में बताते हैं. साथ ही, उन्हें इस्तेमाल करने से जुड़े अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराते हैं.
- अभिभावकों को छात्र या छात्रा की परफ़ॉर्मेंस की जानकारी देने वाले ईमेल पाने के लिए साइन अप करें. ये ईमेल, Google Classroom में छात्र या छात्रा की हफ़्ते भर की गतिविधि की रिपोर्ट देते हैं, ताकि आप उसकी पढ़ाई के बारे में अपडेट रहें.
- Google Workspace for Education और Chromebook डिवाइसों में, ज़रूरत के मुताबिक बनाई जा सकने वाली कई तरह की सुलभता सुविधाएं उपलब्ध हैं. इनकी मदद से, बिना किसी भेदभाव के सभी छात्र-छात्राओं को सीखने के एक जैसे मौके मिल पाते हैं. यह समझने में अपने छात्र या छात्रा की मदद करें कि ये सुविधाएं इस्तेमाल करके, वे बेहतर तरीके से कैसे सीख सकते हैं.



### शिक्षकों से बातचीत करें

- अपने छात्र या छात्रा के शिक्षकों से समय-समय पर बातचीत करते रहें. यह क्लास में उसकी प्रोग्रेस की जानकारी पाते रहने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है. Google Meet से जुड़ी यह अहम जानकारी देखें. इससे आपको वर्चुअल मीटिंग या अगली बार माता-पिता और शिक्षकों की कॉन्फ़्रेंस सेट अप करने का आसान तरीका सीखने में मदद मिलेगी.

## घर पर सीखने से जुड़े संसाधन

### डिजिटल वेलबीइंग और ऑनलाइन सुरक्षा

- Be Internet Awesome, Applied Digital Skills, और Common Sense Media की मदद से म
ज़ेदार गेम, संसाधनों वगैरह का इस्तेमाल करके, अपने बच्चे को सिखाएं कि इंटरनेट को एक्सप्लोर करते समय व
- Family Link का इस्तेमाल करके, अपने बच्चे के लिए सही स्क्रीन टाइम और कॉन्टेंट चुनें. अपने छात्र या छात्रा के स्कूल वाले खाते को Family Link वाले खाते से सिंक करें, ताकि वह घर से भी स्कूल में इस्तेमाल होने वाले टूल और क्लासवर्क ऐक्सेस कर सके. खाते सिंक किए जाने पर भी Family Link में, आपके जाने-पहचाने टूल और माता-पिता के कंट्रोल उपलब्ध रहेंगे.



### सीखना दिलचस्प बनाएं

- खास तौर पर छात्र-छात्राओं के लिए बने टूल की मदद से, उनके सीखने की प्रक्रिया को क्लास से बाहर भी जारी रखें. Google Arts & Culture और Google Earth का इस्तेमाल करके, सबसे मशहूर जगहों और कलाकृतियों की जानकारी देने वाले इंटरैक्टिव लेसन, वीडियो, और गेम ऐक्सेस करें.
- बच्चों को परिवार के हिसाब से सही माहौल उपलब्ध कराएं, ताकि वे इंटरनेट का खुद इस्तेमाल कर सकें और उसकी मदद से सीख सकें. YouTube Kids की मदद से, अपने बच्चे को दिलचस्प और नई चीज़ें खोजने के बारे में बताना आसान हो जाता है.

© 2023 Google LLC 1600 Amphitheatre Parkway, Mountain View, CA 94043.